कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–7/हिन्दी/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्रीमती हेमलता भट्ट, व्याख्याता (हिन्दी), रा.नूतन उमावि, बांसवाड़ा का स्थानान्तरण राउमावि, देवगढ़, बांसवाड़ा किया गया। श्रीमती हेमलता भट्ट ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरुद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या–3652/2019 श्रीमती हेमलता भट्ट बनाम सरकार एवं अन्य दायर की गई।

अपील संख्या–3652/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक–02.12.2019 द्वारा अपीलार्थिया श्रीमती हेमलता भट्ट को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थिया श्रीमती हेमलता भट्ट द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं एकल विधवा महिला होने, सेवानिवृत्ति में 01 वर्ष 05 माह ही शेष रहने तथा बीमार रहने के कारण अपना स्थानान्तरण निरस्त कर यथावत रा. नूतन उमावि, बांसवाडा में करने के संबंध में परिवेदना प्रस्तुत की है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि, नगर, बांसवाडा में व्याख्याता (हिन्दी) के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(हिमांशु गुप्ता) 24/12
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्था.को.के./हेमलता भट्ट/3652/2019 दिनांक–२५.१२.१९

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, बांसवाडा।
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य राउमावि, रा.नूतन उमावि, बांसवाड़ा/देवगढ़, बांसवाड़ा/नगर, बांसवाडा।
9. कार्मिक श्रीमती हेमलता भट्ट, व्या0 हिन्दी, रा.नूतन उमावि, बांसवाड़ा
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर